प्रेस विज्ञप्ति
PRESS RELEASE

दिनांक / Date : 23.05.2023

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा यह निर्णीत हुआ है कि इन्श्युरटेक/फिनटेक संस्थाओं के लिए एक खुले मंच का आयोजन किया जाए, ताकि आपसी संवाद में सहायता हो तथा बीमा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के पक्षों/कार्य-क्षेत्रों में प्रौद्योगिकीय नवीकरण हो सके।

2. इस खुले मंच के आयोजन का आशय है कि इन्श्युरटेक/फिनटेक संस्थाओं से बीमा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रभावी एवं निर्बाध समाधान/विचार प्राप्त हो सकें, जिससे बीमा कम्पनियों को अपने पॉलिसीधारकों को बेहतर सेवा प्रदान करने में सहायता होगी। आशा की जाती है के इन समाधानों/विचारों के द्वारा देश में बीमा की पैठ बढ़ाने में सहायता होगी।

3. यह खुला मंच आईआरडीएआई के मुख्यालय में प्रत्येक माह की 15 तारीख को प्रात: 11.00 बजे आयोजित किया जाएगा। यदि 15 तारीख का दिन कोई अवकाश दिवस हो, तो उसके अगले दिन प्रात: 11.00 बजे खुला मंच आयोजित होगा। इस अवसर पर, अध्यक्ष, आईआरडीएआई, अथवा उनकी अनुपस्थिति में वरिष्ठतम पूर्णकालिक सदस्य एवं साथ ही में आईआरडीएआई के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

4. सभी इन्श्युरटेक/फिनटेक संस्थाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे इस पहल से लाभ उठाएँ तथा पॉलिसीधारकों को अपने नवीकृत एवं व्यावहारित समाधानों के माध्यम से निर्बाध बीमा सेवाएँ प्रदान करें।

5. इच्छुक संस्थाएँ अपनी प्रतिभागिता हेतु लिखित रूप से ई-मेल: insurtech-mission@irdai.gov.in पते पर, प्रत्येक माह की 10 तारीख तक **"इन्श्युरटेक/फिनटेक संस्थाओं के लिए खुला मंच"** शीर्षक द्वारा अपने आशय को प्रेषित करें।

It has been decided by the Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDAI) to hold an Open House for the InsurTech/FinTech entities to engage with them to foster dialogue and bring in technological innovation in various facets/domains of insurance related activities.

2. The Open House is intended to invite suggestions from the InsurTech/FinTech entities to provide effective & seamless solutions/ideas to various insurance related activities, which would help insurance companies to provide better services to policyholders. It is expected that the solutions/ideas would help in increasing the insurance penetration in the country.

3. The Open House would be held at the Head Office of IRDAI from 11.00 AM to 1.00 PM on 15th of every month henceforth. If 15th happens to be a holiday, the Open House will be held from 11.00 AM to 1.00 PM on the next working day. Chairperson, IRDAI, in his/her absence, the senior most Whole-time Member along with senior officials of IRDAI will be present.

4. All the InsurTech/FinTech entities are requested to make use of this initiative and bring in innovative & pragmatic solutions for seamless delivery of insurance services to the policyholders.

5. Interested entities may register their interest to participate by writing on the e-mail: insurtech-mission@irdai.gov.in by making a captioned subject **"Open House for InsurTech/FinTech Entities"** by 10th of every month.